**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

## THE TRIBUNE

# 82 OF JC BOSE VARSITY CLEAR GATE

**Faridabad:** Students of the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, excelled in the recently declared GATE-2020 results. As many as 82 students of various engineering departments of the university cleared the highly competitive examination which was conducted online across 199 test cities of India and abroad by IIT-Delhi in February. Among those who have secured a place in top 100 are students of electronics and instrumentation. Ashish Kumar Gupta attained the 9th All-India rank while Yashika Garg and Amit Jangra secured 48th and 90th ranks.

The Tribune Fri, 20 March 2020
https://epaper.tribune

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए का परिसर आज से बंद

**किसी भी तरह की पब्लिक डीलिंग पर प्रतिबंध, परिसर की सैनिटाइजिंग होगी**

फरीदाबाद, 19 मार्च (पूजा शर्मा): जेसी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वीरवार को नोवेल कोरोनावायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से 31 मार्च, 2020 तक विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का निर्णय लिया है।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय में सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उचित सफाई और सैनिटाइजिंग की जाएगी। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रवेश मार्गों पर थर्मल स्कैनर भी लगाए जाएंगे। इस आशय का निर्णय आज यहां कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा नॉवेल कोरोनावायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि कोरोनावायरस के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 31 मार्च, 2020 तक कक्षाएं पहले ही स्थगित कर दी है। सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है। इस दौरान होने वाली सभी परीक्षाओं और शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों को रद्द अथवा स्थगित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए एहतियाती कदमों की समीक्षा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अधिकारियों को परिसर में सभी प्रकार की पब्लिक डीलिंग को प्रतिबंधित करने और कोरोनावायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उचित सफाई और सेनिटाइजिंग करने के निर्देश दिए।



*कोरोना वायरस से रोकथाम के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार (छाया: एस शर्मा)*

**प्रशासनिक कामकाज जारी रहेगा, कर्मचारी घर से करेंगे काम या जरूरत अनुसार बुलाया जाएगा**

कुलपति ने विश्वविद्यालय को पूर्णत: बंद करने का निर्देश देते हुए विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वह इस बात का ध्यान रखे कि विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुक्सान न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री और असाइनमेंट के ई-संसाधन उपलब्ध करवाये और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ जुड़े रहे ताकि विद्यार्थी अध्ययन से संबंधित प्रश्न पूछ सके और अपनी समस्याओं का समाधान कर सके।

प्रशासनिक कार्यों के लिए व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह निर्णय भी लिया गया कि गैर-शिक्षण कर्मचारियों को विभागाध्यक्षों द्वारा आवश्यकता अनुसार बुलाया जा सकता है। साथ ही कहा गया है कि यदि कर्मचारियों की तत्काल आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें घर से काम करने के लिए कहा जाये। कर्मचारियों को बिना अनुमति के स्टेशन न छोड़ने की भी हिदायत दी गई है।

कुलपति ने विश्वविद्यालय में सेनिटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आवश्यकता अनुसार विभिन्न कार्यालयों को प्रदान करने का भी निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को फ्लू जैसे लक्षण होने पर उचित स्वास्थ्य देखभाल के लिए निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में भेजे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को डोर नॉब, स्विच, डेस्कटॉप, हैंड रेलिंग जैसी बार-बार छुए जाने वाली सतहों को कीटाणुरहित करने तथा विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थलों पर एल्कोहल युक्त हैंड क्लीनर या सैनिटाइजर उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 20 March 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/50151568

**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

**PUNJAB KESARI.COM**

# जे.सी. विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का परिसर आज से पूर्णतः बंद

- किसी भी तरह की पब्लिक डीलिंग पर प्रतिबंध, परिसर की सैनिटाइजिंग होगी
- प्रशासनिक कामकाज जारी रहेगा, कर्मचारी घर से करेंगे काम या जरूरत अनुसार बुलाया जायेगा



कोरोनावायरस से रोकथाम के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए।

**फरीदाबाद**, राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज नोवेल कोरोनावायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से 31 मार्च, 2020 तक विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उचित सफाई और सैनिटाइजिंग की जायेगी। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रवेश मार्गों पर थर्मल स्कैनर भी लगाए जाएंगे। इस आशय का निर्णय आज यहां कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा नॉवेल कोरोनावायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि कोरोनावायरस के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 31 मार्च, 2020 तक कक्षाएं पहले ही स्थगित कर दी है। सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है।

पंजाब केसरी Fri, 20 March 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/50152454

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी पूरी तरह बंद, परिसर की होगी सफाई

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के चलते जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी में अब साफ-सफाई के साथ परिसर को सैनिटाइज करने का काम किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने स्टाफ के साथ मीटिंग की। मीटिंग में एहतियात के तौर पर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गई, साथ ही कुछ जरूरी फैसले भी लिए गए। मीटिंग में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मीटिंग में बताया गया कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए यूनिवर्सिटी ने 31 मार्च तक क्लासेज पहले ही स्थगित कर दी थीं। अब यूनिवर्सिटी को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। सभी छात्रावासों को भी खाली करवा लिया गया है। इस दौरान होने वाली सभी परीक्षाओं, शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों को रद्द या स्थगित कर दिया गया है। मीटिंग के दौरान कुलपति ने अधिकारियों को परिसर में सभी प्रकार की पब्लिक डीलिंग को प्रतिबंधित करने व कोरोना वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए सभी महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरे परिसर की सफाई करने के साथ सैनिटाइज करने के भी निर्देश दिए।



अगले आदेश तक बंद रहेगी यूनिवर्सिटी

**पढ़ाई का नहीं होगा नुकसान:** कुलपति ने यूनिवर्सिटी बंद किए जाने के आदेश के साथ सभी विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वह इस बात का ध्यान रखें कि छात्रों की पढ़ाई का नुकसान न हो। छात्रों को अध्ययन सामग्री व असाइनमेंट के ई-संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। शिक्षक वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से छात्रों के साथ जुड़े रहें ताकि छात्र अध्ययन से संबंधित प्रश्न पूछ सकें। गैर-शिक्षण कर्मचारियों को विभागाध्यक्षों की तरफ से बुलाया जा सकता है। यदि उनकी तत्काल आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें घर से काम करने के लिए कहा जाए।

**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

## DAINIK JAGRAN

# गेट परीक्षा में आशीष ने नौवां स्थान प्राप्त किया

अमित जांगड़ा, अमित शुक्ला, दीपक व यशिका ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जेसी बोस विवि का नाम रोशन किया

जासं, फरीदाबाद : ऑल इंडिया गेट 2020 (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) परीक्षा परिणाम में जेसी बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग एवं विज्ञान विभागों के 82 विद्यार्थियों ने इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा को उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है।

गेट की परीक्षा फरवरी में आइआइटी दिल्ली द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई थी। गेट परीक्षा में शीर्ष 100 में अपना स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन (ईआइसी) इंजीनियरिंग के विद्यार्थी आशीष कुमार गुप्ता ने अखिल भारतीय स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया है जबकि ईआइसी के ही यशिका गर्ग और अमित जांगड़ा ने क्रमशः 48वां और 90वां रैंक हासिल किया है।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी अमित शुक्ला ने 92वां रैंक हासिल किया है, जबकि दीपक यादव ने 234वीं रैंक हासिल की। सभी शैक्षणिक विभागों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग से 31, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से 16, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से 14, कंप्यूटर इंजीनियरिंग से 12, भौतिक से पांच तथा रसायन से चार विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा है कि विद्यार्थियों ने हमेशा विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है तथा शैक्षणिक मामले में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। इस वर्ष गेट परीक्षा के लिए 858890 अभ्यर्थियों ने पंजीकृत कराया था, जिसमें से 685088 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और केवल 18.8 प्रतिशत अभ्यर्थी ही परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे।



दीपक • जागरण



यशिका • जागरण



आशीष • जागरण



अमित • जागरण

**NEWS CLIPPING: 20.03.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में स्कैनर लगेंगे

**फरीदाबाद।** कोरोना वायरस से बचाव के लिए जेसी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए को गुरुवार को बंद कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से तत्काल प्रभाव से 31 मार्च तक परिसर को बंद करने का फैसला ले लिया है। विश्वविद्यालय में सभी महत्वपूर्ण इलाकों की सफाई और सेनेटाइजिंग भी की जाएगी।

फैसला कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। योजना बनाई गई कि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनर लगाए जाएंगे। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।